समर्पण

जिनको पूर्व-राजपूत-संस्कृति और गौरव का गर्व है;
जिनकी रुचि और प्रेरणा से ये कहानियाँ लिखी गई हैं;
जो युद्धवीरता, दानवीरता, प्रतिज्ञावीरता, स्वातंत्र्य-
प्रियता, सत्यशीलता, सहिष्णुता, स्वावलंबन-
प्रियता आदि गुणों से परिपूर्ण आदर्श
राजपूत-सभ्यता के प्रति निस्सीम श्रद्धा
का भाव रखते हैं; और जो वर्त्तमान
काल में उन ओजस्वी गुणों को
भारतीय चरित्र में समन्वित
करने के इच्छुक हैं,

उन

सात्विकशील, उदारमना, सौजन्यसागर, दानवीर,
राजस्थानरत्न,

श्री० सेठ घनश्यामदासजी बिड़ला

की सेवा में तुच्छ भेंट समर्पित

—सूर्यकरण पारीक

क्रम-सूची

पृष्ठ

भूमिका

राजस्थानी कहानियों का सम्पादन करने के लिए गतवर्ष मुझे श्री० सेठ घनश्यामदासजी बिड़ला की ओर से प्रेरणा हुई थी। यद्यपि लगभग पिछले दश वर्षों से राजस्थानी के प्राचीन साहित्य का अनुशीलन करते रहने से मुझे यह धारणा अवश्य होरही थी कि निकट भविष्य में कभी इन कहानियों का आस्वादन पठित जनता को कराने का अवसर मिलेगा, परन्तु यह इच्छा इस रूप में इतनी शीघ्र कार्यान्वित हो सकेगी, ऐसी मुझे आशा न थी। इसका श्रेय उदारमना श्री बिड़लाजी को ही है। श्री बिड़लाजी के सौजन्यपूर्ण हृदय में मैंने प्राचीन राजपूत सभ्यता के प्रति निस्सीम श्रद्धा और सच्चे उत्साह को पाया और यह जान कर आशातीत प्रसन्नता हुई कि ऐसे २ उत्साही एवं लब्धप्रतिष्ठ महाजनों का ध्यान यदि भारतीय इतिहास और साहित्य के इस चिर-उपेक्षित अंग की ओर प्रेरित होता रहा, तो न केवल राजस्थानी और हिन्दी साहित्य का ही उपकार होगा वरन् भारतीय संस्कृति और सभ्यता का एक गौरवपूर्ण पक्ष जनता के समक्ष अपने उज्ज्वलरूप में शीघ्र ही उपस्थित किया जा सकेगा।

सुसंगठित और स्थायीरूप में राजस्थानी साहित्य के पुनरुद्धार, प्रकाशन और संग्रह के लिए श्री बिड़लाजीने इसी वर्ष एक विशेष आयोजना स्थापित की है, जिसको कार्यरूप में परिणत करने के लिए आपने पर्याप्त धन प्रदान कर अपने साहित्य-प्रेम और सात्विकशील उदारता का परिचय दिया है। इस आयोजना के अनुसार श्री बिड़ला कालिज, पिलानी की अवधानता में "पिलानी राजस्थानी ग्रंथमाला" प्रकाशित की जायगी। साथ ही पुरानी हस्तलिखित पुस्तकें, जो अप्राप्य

अथवा कष्टप्राप्य हैं, अथवा कालान्तर में जिनके नष्ट हो जाने की संभावना है—ऐसी पुस्तकें नकल करवा कर कालिज के पुस्तकालय के हस्तलिखित विभागमें सुरक्षित रखी जांयगी। राजस्थान के ग्रामगीत, कहानियाँ, लोकोक्तियाँ, दूहे, काव्य इत्यादि प्राचीन साहित्य-सामग्री के संग्रह का कार्य भी इसी आयोजना में सम्मिलित है।

उपर्युक्त पुस्तकमाला के अन्तर्गत "राजस्थानी वार्ता" यह पहली पुस्तक है। इस वर्ष तीन पुस्तकें प्रकाशित करने की आयोजना की गई है। दूसरी पुस्तक—'राजस्थानी दूहा-संग्रह' और तीसरी 'राजस्थानी लोकोक्ति-संग्रह'-भी लगभग तैयार हैं और इसके बाद यथाशीघ्र प्रकाशित की जांयगी।

जब से कर्नल टॉड ने बड़े परिश्रम और खोज के बाद राजस्थान का इतिहास लिखा है, तब से लोगों का ध्यान राजस्थान के पूर्व-गौरव की ओर विशेष रूप से आकर्षित होने लगा है। अपने इतिहास की भूमिका में टॉड साहब ने एक जगह लिखा है—

"There is not a petty state in Rajasthan that has not its Thermopylae and scarcely a city that has not produced its Leonidas."

राजस्थान के इतिहास के सम्बन्ध में टॉड के ये शब्द प्रायः लोकोक्ति की तरह प्रसिद्ध होगये हैं। परन्तु इन शब्दों की वास्तविकता की खोज बहुत कम लोगों ने अब तक की है। कुछेक गिने चुने विद्वानों को छोड़ कर राजस्थानी का क्षेत्र अब भी उतना ही अन्धकारमय है जितना कि टॉड के पूर्व था। परन्तु इस निराशान्धकार में आशा की नवज्योति प्रातःकालीन उषा की स्वर्णलालिमा की तरह फूटकर निकलने लगी है। इसका एक प्रमाण यह है कि राजस्थानवासियों के हृदय में पूर्वकालीन राजस्थान की प्रतिभा और गौरव की ओर श्रद्धा जागृत हो रही है।

इस छोटी-सी पुस्तक के प्राक्कथन के रूप में राजस्थानी सभ्यता और पूर्वसंस्कृति पर लम्बा निबन्ध लिख डालना अयुक्तिसंगत होगा। प्रस्तुत कहानियों का संकलन करते और लिखते समय यदा-कदा दो एक विशेष बातें हमारे ध्यान में आई, जिनका उल्लेख कर देना यहाँ अनुचित न होगा। संक्षेप में वे बातें ये हैं—

(१) राजपूत सभ्यता और पूर्वसंस्कृति का एक प्रमुख रूप इन कहानियों और इसी प्रकार की अन्य असंख्य आख्यायिकाओं में देखने को मिलता है।

(२) राजस्थान में कहानी कहने और लिखने की एक सुपुष्ट और अद्वितीय कलात्मक शैली प्राचीन काल से प्रचलित रही है, जो हिन्दी की अपेक्षाकृत अर्वाचीन-कालीन कहानी-कला से सर्वथा भिन्नरूप है।

(३) इन कहानियों में आंशिकरूप में प्रख्यात राजपूत कुलों का इतिहास रहता है। अतएव ऐसी कहानियों की खोज करके प्रकाशन करने से न केवल राजस्थानी और हिन्दी के मनोरंजक साहित्य की श्रीवृद्धि होने की ही सम्भावना की जा सकती है, वरन् बहुत सी इतिहास-सामग्री भी हस्तगत हो सकती है।

पहली बात पर विचार करने पर यह प्रश्न उपस्थित होता है कि क्या वास्तव में राजपूत सभ्यता और संस्कृति का कोई अपना निजी रूप और अस्तित्व है, जिसकी खोज करने से भारतीय इतिहास और साहित्य को लाभ पहुँच सके। यह एक जटिल प्रश्न है, जिसका राजस्थानी साहित्य और इतिहास की वर्त्तमान तिमिराच्छन्न दशा में उत्तर देना न तो पूर्णतया संभव ही है और यदि आंशिक रूप में दिया भी जाय तो लोग उसके तथ्य को स्वीकार करने को तैयार न होंगे। हाँ, इस समय इतना कह देना पर्याप्त होगा कि राजस्थानी जीवन-चर्या, विशिष्ट व्यवहार, सामाजिक उत्तरदायित्व और व्यक्तिगत सैद्धान्तिकता में बहुत

सो ऐसी विलक्षणताएँ अवश्य मिलेंगी जो और देशों और जातियों में इतने प्रमुख रूप में नहीं मिलती। राजस्थान देश और उसमें बसने वाली राजपूत जाति के नाम के पर्य्याय से राजस्थानी और राजपूती विशेषताएँ लगभग एक ही समझी जाती रही हैं। वर्णाश्रम-विभाग के साधारण भेदों को छोड़ कर देखा जाय तो राजपूत क्षत्रिय और इतर राजस्थानी वर्णों के जीवन-निर्वाह में लगभग समानता ही है। परन्तु तो भी राजपूत नामोच्चारण से राजपूत क्षत्रिय ही का बोध होता है। इस सकलन में सग्रहीत कहानियों में क्षत्रिय वीरों के चरित्रों का ही दिग्दर्शन हुआ है। परन्तु इससे यह नहीं समझना चाहिये कि इतर वर्णों में आदर्श वीर, आदर्श दानी, देशभक्त और धार्मिक महापुरुष नहीं हुए हैं।

इन कहानियों में प्रदर्शित राजपूत चरित्र के कुछएक प्रमुख गुणोंका संकलन हम नीचे कर देते हैं जिससे उनकी संस्कृति और विशेषता का कुछ अन्दाजा लगाया जा सके।

(१) सबसे पहली विशेषता जो राजपूत के चरित्र में देखी जाती है वह है उसकी मन, कर्म और वचन से दृढ़-प्रतिज्ञता। प्रतिज्ञापालन से विमुख होना राजपूत अपनी कायरता समझता है, अतएव प्राण देकर भी प्रतिज्ञा का पालन करता है। इन कहानियों में आये हुए प्रायः सभी वीर दृढ़-प्रतिज्ञ हैं।

(२) राजपूत का जीवन-सिद्धान्त सत्य में बद्ध-मूल होता है, अतएव वह दृढ़ और अटल होता है। जहाँ सत्य और नीति में सघर्ष पैदा होजाता है, वहाँ राजपूत संस्कार की विशेषता इसी बात में प्रकट होती है कि वह सत्य पर दृढ़ रहता है, चाहे ऐसा करने में उसे सांसारिक दृष्टि से कितनी ही क्षति उठाना पड़े। यही कारण है कि बहुधा आत्मप्रतिष्ठा और प्रतिज्ञा का धनी एक ही क्षत्रिय वीर, नीति के सर्वथा विरुद्ध, बड़े से बड़े साम्राज्य के बल का सामना करने के लिए अड़ जाता है। वह

अलौकिक वीरता अवश्य दिखला जाता है, परन्तु आधुनिक सभ्यता के नीतिज्ञ उस धूम्रकेतु की सी चमत्कारिणी परन्तु क्षणस्थायी वीरता को मूर्खता अथवा अपरिणामदर्शी दुस्साहस ही कहेंगे। राजपूत वीर पिस जाता है, अपने अस्तित्व को मिटा देता है, परन्तु अपने सैद्धान्तिक सत्य की जीते जी रक्षा करने की भरसक चेष्टा करता है। यह एक विलक्षणता उसके चरित्र में पाई जाती है जो संसार की वहुत कम शूरवीर जातियों में मिलती है।

(३) कठोर क्लिष्टताओं से घिरे हुए स्वावलंबनपूर्ण जीवन से राजपूत को विशेष प्रीति होती है, क्योंकि यह गुणउसे अपनी प्राणों से प्रिय स्वाधीनता की रक्षा करने के लिए आवश्यक प्रतीत होता है। मुगल साम्राज्य के स्थापित होने से पहले के राजस्थानी इतिहास पर दृष्टि डाली जाय तो इस वात के असंख्य उदाहरण मिलेंगे कि किस प्रकार स्वाधीनता-प्रिय इस जाति ने उत्तरी और मध्यभारत की उर्वरा भूमि को छोड़कर जलहीन मरुस्थल में स्वाधीनतापूर्वक अपने छोटे २ राज्य स्थापित किये थे। वीरमदे सोनगरा, महाराणा प्रताप इत्यादि वीरों के आख्यान इसी स्वातंत्र्यप्रियता के उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

(४) इसके अतिरिक्त पहाड़ के समान अचल संयमशीलता, सहिष्णुता और अटल धैर्य्य, अनुपम निर्भीकता, वैर-प्रतिशोध की तीव्र भावना, आत्मगौरव की अविरत रक्षा, प्रणत-पालन का विरद, दानवीरता और आदर्श शूरवीरता के अनेक ऐसे गुण हैं जो राजपूत चरित्र के विशेष लक्षण कहे जा सकते हैं और जो किसी न किसी रूप में इन कहानियों में व्यक्त हुए हैं। इन सब में भी आदर्श ख्याति प्राप्त करने की कामना की ओर राजपूत की सारी शक्तियों का झुकाव अधिक देखा जाता है। अमर कीर्त्ति प्राप्त करने की लालसा ने न जाने कितने अवसरों पर राजपूतों के हाथ से

ऐसे कार्य करवा दिये हैं जिनकी ऐहिक सम्भावना पर विश्वास करना कठिन हो जाता है। राजपूत में स्पर्धा का गुण भी विशेष मात्रा में होता है। मेवाड़ के इतिहास में शक्तावतों और चूडावतों का शूरवीरता का आदर्श स्थापित करने की दौड़ में पहले नम्बर आने की चेष्टा करना, एक ही वृत्तान्त नहीं है वरन् हजारों ऐसे प्रमाणों से राजस्थान का इतिहास भरा पड़ा हैं। राजपूत आदर्श-त्याग करने में अपनी बराबरी नहीं रखता। मेवाड़ के भीष्म राव चूँड़ाजी, कुवर भीमसिंह, राठौड़ वीर दुर्गादास— ये तो कुछ एक प्रातः स्मणीय नाम हैं। सारांश, राजपूत वीरता को भले ही कोई साम्राज्यवादी नीतिज्ञ दुस्साहस अथवा शक्ति का अपव्यय कहकर पुकारे, परन्तु ससार का मस्तक तो श्रद्धा की भावना से सदा ऐसे ही वीरों की स्मृति में झुकता रहा है और रहेगा। आजीवन युद्ध करने के लिए हृदय में अदमनीय लालसा रखना, सिर कट जाने पर घटों युद्ध करते जाना, निशस्त्र होकर शेरों से मल्ल-युद्ध करना और आत्मगौरव की भावना से प्रेरित होकर अपने हाथ से अपना मस्तक काट कर देना, ये असम्भव कपोल-कल्पनाएँ नहीं वरन् वास्तविक ऐतिहासिक तथ्य हैं, जिनका कर दिखाना ससार भर में यदि किसी जाति के लिए संभव है तो वह है राजपूत जाति।

इन उग्र और ओजस्वी गुणों के साथ ही राजपूत चरित्र की पूर्णता का द्योतक एक कोमल और स्निग्ध भाग भी है जिसमें स्वर्गीय सौन्दर्य की झलक देखने को मिलती है। यही रणभट्ट राजपूत उत्कृष्ट प्रेमी, शान्तिप्रिय उत्तम शासक और उच्चातिउच्च कोटिका विद्वान और कवि भी होता देखा गया है। महाराणा अमरसिंह, महाराणा राजसिंह, महाराजा जसवन्तसिंह, सवाई जयसिंह, राठौड़ महाराज पृथ्वीराज—ये कुछ उदाहरण हैं

परन्तु विधि-विधान का वैचित्र्य ऐसा है कि पूर्ण-चन्द्र में भी कलंक होता ही है। पूर्णता संसार की वस्तु नही है। कालांतर में राजपूत-चरित्र की देदीप्यमान गुणावली मे भी कलंकस्वरूप कुछ दुर्गुण ऐसे घुस गये जिन्होंने घुन की तरह उसे अंदर ही अंदर खा डाला। मिथ्या गौरव और पारस्परिक फूट ने प्रायः सभी प्रतिष्ठित राजकुलों का ह्रास कर दिया है; एक जयचंद की ही कौनसी बात है। प्रत्येक कुल में समय समय पर पारस्परिक वैमनष्य से ऐसी परिस्थितियाँ पैदा होगई हैं कि बाध्य होकर उत्तम से उत्तम वीर को दुष्प्रवृत्ति और ईर्षा का दास होकर अपने हाथ से अपने ही कुल-गौरव पर कुठाराघात करना पड़ा है। १२ वर्ष तक वीरता के साथ एक साम्राज्य की शक्ति के सामने जालौर गढ़ की रक्षाकर चुकने पर, उस अभूतपूर्व विजय का मजा एक क्षुद्रातिक्षुद्र भद्दी सी व्यंग्योक्ति के कारण किरकिरा होजाता है। गढ़ का वीर रक्षक दहिया सरदार ही सोनगरा कुल का भक्षक होजाता है।

दुर्व्यसनों ने भी राजपूत चरित्र का कम ह्रास नहीं किया है। जो मदिरा युद्धस्थल में उत्तेजित होने के लिए योद्धाओं द्वारा पान की जाती थी, वही शान्ति के समय में अच्छे २ राजपूत सरदारों के नाश का प्रमुख कारण हो गई। गोले, बारूद और तलवार की चोट से न परास्त होने वाली वीर जाति मदिरा के प्रवाह में बह गई। मदिरा ही क्यों, उसके साथ दुनिया भर के सब मादक पदार्थ, अवसर हो या अनवसर, सेवन किये जाने लगे। युद्ध को छोड़, विवाह-शादी में अफीम, तिजारा, कसूँभा (गला हुआ पेय अफीम) की नदियाँ बहने लगी और जब इन जहरों से काम न चला तो विषैले साँपों से कटवा कर ज़हर का आनन्द लिया जाने लगा। होते होते मामला यहाँ तक पहुँचा कि जहाँ धर्मवीरता, युद्धवीरता, दानवीरता और प्रतिज्ञापालिता के लिए वीरों के गौरवपूर्ण आख्यान

स्मरण किये जाते थे वहाँ मदिरावीर, अफीमवीर ठाकुरों की प्रशस्तियाँ कवियों के मुख पर शोभा देने लगी। "अमल की नीशाणी" नामक एक बड़ी लम्बी, भावपूर्ण कविता मैंने एक राजस्थानी कविताप्रेमी सज्जन के मुख से सुनी थी, जिसमें मारवाड़ के एक प्रतिष्ठित सरदार की प्रशंसा इसी घात में की गई थी कि किस प्रकार एक अफीम-वीर अपने जीवन में मणों-भर अफीम चाब गये। इतनी उच्च कोटि की होनहार जाति का यह परिणाम होगा, किसी को स्वप्न में भी आशा न थी! सचमुच, विधिविधान की बड़ी विषमता है!!

बहु-विवाह की प्रथा ने भी इस वीर जाति का अपकार ही किया। यह माना कि उस कठिन काल में क्षत्रिय कुलललनाओं के सतीत्व की रक्षा करने के लिए कभी कभी किसी समर्थ राजपूत राजा को एक से अधिक व्याह करने पड़ते थे और दूसरा यह भी कारण हो सकता है कि कन्या के पिता की ओर से प्रस्तावरूप में नारियल आजाने पर आन का धनी कोई भी क्षत्रिय उसे अस्वीकार नहीं कर सकता था, परन्तु ये कारण तो केवल अपवाद मात्र हैं। जानबूझ कर विषय-भोग की कामना से पचासों स्त्रियों से रातदिन घिरे रहना, कहाँ की शूरवीरता है। परमात्मा की दी हुई सत्प्रयोज्य शक्ति का ऐसा दुरुपयोग भी इस जाति के ह्रास का एक कारण रहा है। अस्तु।

(२) अपने प्रकृत विषय, राजस्थानी कहानी पर भी दो शब्द कह देना उचित होगा। हिन्दीसाहित्य के वर्त्तमान काल में कहानी-कला का बड़ा विकास हो रहा है और कहानी की लोकप्रियता उत्तरोत्तर बढ़ती जारही है। हिन्दी में कहानी की शुरुवात बंगला की गल्पों के अनुकरण से हुई। परन्तु राजस्थानी का कहानी-साहित्य उसकी निजी सम्पत्ति है। राजस्थान में बहुत प्राचीन काल से कहानी कहना और लिखना

चारणों और भाट कवियों का काम रहा है। इसके रूप की व्यापकता को देखते हुए कहना पड़ता है कि राजस्थानी का अधिकांश गद्य-साहित्य, यहां तक कि ऐतिहासिक सामग्री भी कहानी के ही रूप में प्रकट हुए हैं। राजस्थान के इतिहाक ग्रंथ "ख्यात" कहानियों के सग्रह मात्र हैं।

राजस्थानी कहानियाँ तीन प्रमुख रूपों में मिलती है— (१) केवल गद्यमय रूप में (२) गद्य-पद्य-मिश्रित रूप में और (३) केवल पद्यरूप में। इस जमाने में भी यदि खोज की जाय तो हजारों-ग्रन्थ "वातों" के मिल सकते हैं, जिनमें उपरोक्त तीनों रूपों में कहानियाँ मिलेंगी।। गद्यात्मक कहानियों को 'वात' कहते हैं और पद्यात्मक कहानियों को 'गीत'। दूसरा रूप सदा से लोकप्रिय रहा है और हमारी समझ में वही राजस्थानी कहानी का सर्वोत्तम रूप है। 'कहवाट' की कहानी इन तीनों रूपों में हमें पृथक् २ हस्तलिखित पोथियों में देखने को मिली। इतना तो राजस्थानी कहानियों के रूपात्मक अंग के संबध में हुवा।

विषय भी कहानियों के अनेक मिलते हैं। प्रमुख विषय तो वीरता ही है, जिस पर अनुमानतः सौ में से पचास कहानियाँ लिखी मिलती हैं। परन्तु इसके अतिरिक्त प्रेम, भक्ति, स्वामिभक्ति, प्रजापालन, गोरक्षा, पातिव्रतधर्म और नीति के अनेक अंगों पर भी स्वच्छन्द रूप से कहानियाँ लिखी गई हैं। अपने पहले प्रयास में हमने केवल वीरता के मुख्य विषय को लेकर सात प्रख्यात ऐतिहासिक कहानियों का संकलन किया है। यदि ये राजस्थानी और हिन्दी जनता को रुचिकर हुई तो इतर विषयों, यथा धर्म, नीति आदि पर भी संकलन उपस्थित करेंगे।

सब से विचित्र बात जो राजस्थानी कहानी में देख पड़ती है वह है उसकी शैली की विलक्षण वैयक्तिकता। राजस्थानी कहानी की शैली राजस्थानी ही की है, उसकी समता दूसरी भाषाओं में ढूँढना निरर्थक है।

इस भावना को हम तब तक समझा नहीं सकते जब तक हिन्दी के पाठक स्वयं उस मौलिक रूप को देख न लें। यह गूँगे का गुड़ है जो वर्णनातीत है। परन्तु तो भी उस शैली की कुछ विशेषताओं का यहाँ उल्लेख कर देते हैं।

कहानी का पहला आवश्यक गुण है उसका मनोरंजक और चित्ताकर्षक होना। जब तक यह नहीं होता तब तक उसमें हृदय-ग्राहिता का गुण नहीं आता, जिसके बिना उसका कहानीपना असार्थक रहता है। राजस्थानी "वातों" की शैली मनोरंजकता के लिए अद्वितीय है। मनोरजकता के साथ २ प्रसादगुण कूट-कूट कर उनमें भरा रहता है। कहानी कहने और लिखने वाले राजस्थानी कवियों को सरस्वती की विशेष कृपा से कुछ ऐसा अभ्यास और प्रतिभा प्राप्त थी कि सरल से सरल भाषा में उत्तम से उत्तम स्वाभाविक और लोचभरे भावों को भर देते थे। एक शब्द का भी वृथा प्रयोग नहीं होने पाता था। भरती के शब्द और भावों को उन में ढूँढ़ना आकाश-कुसुम की तरह निरर्थक था। इतनी सूत्राकार सूक्ष्मता होते हुए भी कहानी की गति में वह मतवालापन, वह स्फूर्ति और वह सजीवता रहती थी कि उसकी समता का उदाहरण ढूँढ़ना कठिन है। भावभगी और भावुकताद्योतक चमत्कारों की वो राजस्थानी 'वात' एक तरगिणी है जिसमें असंख्य भाव-लहरियाँ किलोल और कलरव करती हुई अपने उद्दिष्ट पथ की ओर प्रवाहित होती रहती है। बीच बीच में अलंकृत भाषा की निराली छटा देखते ही बनती है। दृश्यों की प्रभावोत्पादकता बढ़ाने के लिए अथवा विशेष वस्तुओं और परिस्थितियों की पूरी जानकारी कराने के लिए कहानी-लेखक ऐसी मनोरंजक सूक्ष्मता के साथ उसके अंग प्रत्यंग उधेड़ कर दिखलाता है कि आँखों के सामने सजीव रूप में उस वस्तु अथवा दृश्य का जीता-जागता चित्र अपने रंग विरंगे वैचित्र्य के साथ नाचने लगता है। राजस्थान देश और समाज का

चित्र अपनी वैयक्तिक विशेषताओं के साथ इन कहानियों में देखने को मिलता है। परन्तु खेद इस बात का है कि वर्त्तमान काल में इस कहानी कहने और लिखने की रुचि में बड़ी भारी शिथिलता आ गई है और आशंका होती है कि मौलिक रूप में इन कहानियों की नये सिरे से रचना बहुत शीघ्र विलुप्त हो जायगी।

राजस्थानी बातों से उद्धृत करके भाषा और शैली के कुछ उदाहरण नीचे देते हैं।

वर्णनात्मक शैली का प्रसादपूर्ण चमत्कार जगदेव पँवार की 'वात' (कहानी) के प्रारंभ में देखिये—

(क) "मालवौ देश माँहि धारा नगरी। तठै पँवार उदियादीत राज करै। नै तिणरै राणियाँ दो, तिण माँहै पटराणी बाघेली। तिणरै कँवर रिणधवल हुवो। नै दूजी रांणी सोलंखिणी। तिका दुहागण। तिणरा कँवर को नाँव जगदेव दीधौ। साँवळ रंग, पिण ज्योतिधारी नै रिणधवल राजरो धणी।"

दृश्य चित्रित करने वाली सुपुष्ट मनोरंजक वर्णनशैली का भी नमूना दिया जाता है—

(ख) "रात घड़ी एक दो गई। तद डको सुणियो। तरै योगेसर जांणियो कोई सिरदार आवै छः। तिसै हाथीरी वीरघंट सुणी, तुररी सहनाई सुणी, घोड़ां की कळहळ सुणी। चराकां सौ-एक मूंढा आगै हूवां चँवर ढुळ'ताँ हाथी माथै बैठो सिरदार दीठो। तिसै कैइक असवार महिलाँ आया। तिसै फरास आय मैलाँ आगे चौक माँहै जाजम दुलीचा बिछाया, गिलमां बिछाई, तकिया लगाया। तिसै तेजसीजी गादी तकियाँ आय बैठा। जोगेसर तमासा देखै छः।"

(ग) "भाक फाटी। जोगेसर जागियो। देखै तो लोक फिरै छः

देवरै झालरां बाजै छः। जोगेसर संखनाद पूरै छः।"

जैसा कि ऊपर कह आये हैं 'वातों' के रूप में राजस्थान का प्राचीन इतिहास लिखा गया है, अतएव इन 'वातों' में ऐतिहासिक सामग्री बहुतायत से मिलती हैं। ख्यात की 'वातों' में और मनोरंजनार्थ रचित बातों में एक स्पष्ट अंतर यह होता है कि इनमें कल्पना की मात्रा अधिक रहती है। ख्यात को बातों में जहाँ तक होसका है ख्याततलेखक ने वशावलियों के क्रम से प्रत्येक व्यक्ति और वंश के जीवन काल की मुख्य बातों का यथार्थ वर्णन किया है। कहानी की बातों में किसी एक ऐतिहासिक कार्य को लेकर और उसमें कल्पना की पुट देकर मनोरंजक सामग्री उपस्थित की गई है। अतएव यद्यपि इन कहानियों की आधारभूत बातें ऐतिहासिक हैं, परन्तु कहानी के समस्त रूप को ऐतिहासिक तथ्य मान लेना भारी भूल होगी। कहानी एक कला है और उसका प्रधान उद्देश्य है मनोरंजक रूप में किसी प्रमुख व्यक्ति अथवा घटना के सम्बन्ध में आख्यान लिखकर सहृदय जनता का हृदय आकर्षित करना। ससार के सभी साहित्यों में जहाँ भी देखा जाय, क्या कहानी, क्या उपन्यास, नाटक, काव्य—सभी में कल्पनात्मक प्रसंगों द्वारा वास्तविक तथ्यों को एक नवीन रागात्मक रूप दे दिया जाता है। वही बात इन कहानियों में भी समझनी चाहिए। इस दृष्टि से यदि देखा जाय तो जगदेव पँवार की 'वात' में यद्यपि जगदेव और सिद्धराव सोलंकी ऐतिहासिक व्यक्ति हैं, और इतिहास से उनका एकत्रित होना सिद्ध भी होता है और एक जगह लिखा भी है—"जगदेव पँवार सिद्धराव सोलंखीरो चाकर। कंकाली देवी ने आपरो सीस दियौ।"—परन्तु तो भी जगदेव का भैरव के गण को द्वन्द्व-युद्ध में परास्त करना तथा दो बार शीश-दान करने को उद्यत होना अतिशयोक्तिपूर्ण कल्पना मात्र है। सम्भव है, जगदेव ने काम पड़ने

पर एक ही बार स्वामी की सेवामें शीशदान किया हो। इसी प्रकार वीरमदेव की कहानी में शाहजादी से उसका प्रेम, युद्ध के कारणरूप में बताया जाना और उस प्रेम की पुष्टि के लिए काशी-करौत वाली पूर्वजन्म की अन्तर्कथा का निर्माण,—ये बातें कवि-कल्पना की करामातें हैं। हाँ, ऐतिहासिक दृष्टि से इतना सत्य है कि जालौर के स्वामी सोनगरा राजपूत, राव कान्हड़दे और उसके पुत्र वीरमदेव ने बड़ी वीरता-पूर्वक बादशाह की सेना के विरुद्ध गढ़ की रक्षा की थी। इसी प्रकार अन्य कहानियों में यद्यपि आधारभूत इतिवृत्त (Fact) ऐतिहासिक ही है परन्तु कल्पनाओं का प्रचुर परिमाण में नीर-क्षीर की तरह संमिश्रण होने से यह नहीं कहा जा सकता है कि यहाँ तक तो शुद्ध इतिहास है और इतना अंश काल्पनिक है। कहानी के लिए ऐसा वैज्ञानिक विश्लेषण करने की आवश्यकता भी नहीं है। कहानी तभी तक कहानी रहती है जब तक वह हमारा मनोरंजन करती है, हमे उच्छ्वसित करती है, हमारे हृदय में नई नई भावनाएँ और स्फूर्त्तियों को जागृत करके हमें सजीवित करती है। जब हम कहानी में ऐतिहासिक तथ्य को ढूँढ़ने लग जाँयगे उस समय स्वर्ग की छाया की तरह वह विचित्रता विलीन हो जायगी। तथापि इन कहानियों के सम्बन्ध में इतिहास ग्रथों तथा इतर प्रमाणों से जो कुछ सूचना हमको उपलब्ध हुई है, उसे पाठकों के सुभीते के लिए हमने टिप्पणियों में देदी है।

वर्त्तमान सकलन में आई हुई कहानियाँ लगभग १५० से २०० वर्ष पुरानी हस्तलिखित पोथियों में से चुनकर ली गई हैं। प्रायः सभी कहानियाँ प्राचीन हैं और परम्परा द्वारा राजस्थान में ख्यातिप्राप्त हैं। पोथियों में लिपिबद्ध होने के समय से अनुमानतः १०० वर्ष पुरानी तो ये कहानियाँ अवश्य होनी चाहिएँ। इस अनुमान से इन कहानियों का निर्माण-काल कम से कम २५० वर्ष पूर्व समझना चाहिए।

यद्यपि राजस्थान के भिन्न भिन्न प्रान्तों की बोलचाल की भाषा में सदा से थोड़ा-बहुत भेद चला आया है और अब भी है, परन्तु मारवाड़ (जोधपुर) प्रान्त की भाषा गद्य-रचना के लिए आदर्श (Standard) मानी जाती रही है। इसका कारण उसका स्वाभाविक माधुर्य्य, प्रसाद पूर्ण शैली और व्यापक शब्द-शक्ति हैं। इसी जोधपुरी भाषा में इस संग्रह की अधिकांश कहानियाँ लिखी हुई हैं।

मूल-पुस्तकों से कहानियों की प्रतिलिपि बनाते समय जहाँ तक हो सका है, केवल सुधार करने की दृष्टि से भाषा का रूपान्तर नहीं किया गया है। जहाँ जहाँ पोथी-लेखक की ग़लती से लिखने की अशुद्धियाँ रह गई हैं, उनको स्थान स्थान पर ठीक कर दिया गया है।

कहानियों के चुनाव और हस्तलिखित पोथियों की प्राप्ति में मुझे अपने अभिन्न सुहृद्वर श्री० ठाकुर रामसिंह एम० ए० तथा श्री० नरोत्तमदास स्वामी एम० ए० की बहुमूल्य सम्मति और सहायता मिली है। एतदर्थ मैं उनका अभारी हूँ।

जैसा कि इस वक्तव्य के प्रारंभ मे कह चुका हूँ, यह प्रयास श्री बिड़लाजी की प्रेरणा से इस उद्येश्य को दृष्टि मे रख कर किया गया है कि राजस्थानी जनता को अपने गौरवपूर्ण साहित्य का अनुशीलन करने का मौक़ा मिले और हिन्दी जनता को प्राचीन राजस्थानी संस्कृति के आन्तरिक रूप से कुछ जानकारी हो जाय। अतएव इस पुस्तक द्वारा आंशिक रूप में भी यदि मैं इस उद्देश्य को पूर्ण करने में सफल हुवा तो अपने आप को कृतकृत्य समझूँगा।

पिलाणी,
१ जनवरी १९३४

सूर्यकरण पारीक

जगदेव पँवार

मालवौ देस मांहे धार नगरी। तठै पँवार उदयादित राज करै, नै तिणरे राणियां दो। तिण मांहे पटराणी बाघेली। तिणरे कँवर रिणधवल हुवौ। नै दूजी राणी सोलंखणी, तिका दुहागण[1]। तिणरै कँवररो नाम जगदेव दीधो। सांवलै रंग, पिण ज्योतिधारी, नै रिणधवल राजरो धणी। यों करतां बरस १२ मांहे जगदेव हुवौ। तठै राजा उदयादित कामदारांनै कह्यौ, सोलंखणीरै बेटौ छै कै नहीं। तदै राजा कह्यौ संसार मांहे बेटा समान काई वस्त नहीं। तदै कामदार बोल्या छै, पिण हजूर दरबार कदेई आवै नहीं। तदै राजा खवास[2] मेलिह जगदेव-नै तेड़ायो[3]। तदै जगदेव दरबार आयो, तिको वो साढुक[4] रो वागो पहिरणै छै, रुपीया १) री पाघ माथै छै, कानां हाथां मांहे कड़ा, सु इसे सलूकसूं[5] मुजरो कियो। राजा छातीसू लगाय मिलियौ, कनै बैसाणियो नै पोसाष देखिनै कह्यौ, बेटा इसा कपड़ा क्यूं। तदै कँवर कह्यौ, म्हांरी तपस्या मांहे खोट छै, महाराजरै घरै जनम पायो, पिण महाराजरै माल देस मांहे सीर[6] थोड़ो घलायो, तिणसूं माजीनै गांव

---

१ दुर्भाग्यवाली, जिस स्त्रीको उसके पतिने छोड़ रखा हो। २ नाई, चाकर। ३ बुलवाया। ४ एक मोटा सस्ता कपड़ा। ५ ढंग। ६ भाग।

१ आप दीधो छै। तिणरो हासल माफक[१] ही ज आवे छै । नै माँई जीरे (सौतेली मा के) हाथ राजरो काम छै। तिणसू गांव नांवै। मोटो, हासल छोटो दीधो छै और खांणे पेरणै दासदासी नै रोजगार रथ नै वहलिया अै समाचार छै, और सगला एकै गांवरै हासलमें निभै छै। तरै कपड़ा तो हासल[२] सारू छै। राजा इसौ सांभलिनै कह्यौ, रुपया २) हमेसा थांरै, रुपयो १) थांरै थालीरो नै रुपया १७) हाथ-खरचनै लीयां जावो। राजा कामदारांनै कह्यौ, हमेसां रुपया २) दीयां जाज्यो। तरै जगदेव अरज कीधी, महाराज तो बगसीस कीधी नै मैं पाई, पिण श्री माईजी[३] घणी मया[४] फुरमावै छै, निभै नहीं। ज्यू लिखियो[५] छै त्यू होसी। तरै राजा खजानची खनैसू थैली १ मंगाय दीधी नै कह्यौ, कपड़ा पोसाख आछी बणावो नै गाढ़ा सलूक माहे रहो। तद कंवरनै सीख दीधी। कंवर आपरी मानै आणि थैली दीधी नै सगली हकीकत कही। तिसै केइक बाघेलीरा आदमी बैठा था, देखै था, बात सुणै था। त्यां जाय नै कह्यौ, आज जगदेवसू महाराजा घणी मया कीधी नै रोजीनै रुपया २) दिराया नै थैली १ दीधी। आ बात सुण पगांरी झाल माथै गई[६]। तरै रांणी खोजाँनै[७] मेल्हि राजानै मांहे बुलायो, मुजरो कियो, सिंहासण विराजिया। तरै राणी आख्यां लाल करि कह्यौ, आज दुहागणरा बेटानै कासू दीधो। तरै राजा

१ ठीक ठीक ही, अर्थात् थोड़ा। २ पैदा। ३ सौतेली माताजी। ४ कृपा। ५ विधाता द्वारा भाग्य में लिखा है। ६ पगां री झाल माथै गई (मुहा०)=क्रोध की ज्वाला पैरों से सिरतक दौड़ गई, अत्यन्त क्रुद्ध हुई। ७ दूतों को।

कह्यौ, सोळ खणी दोहागण छै, पिण बैटो तो न छै। रिणधवळ तो पाटवी टीकायत छै, पिण जगदेव माहरी निजर आछो आयो, सखरो[१] रजपूत होसी। तरै बाघेली कह्यो, ऊ दई-मारयो कालियो डील मांहे छै, जिणरै करमांमांहे[२] काळा अख्खर छै, थैली डरी मंगावो। तरै राजा कह्यौ, ओ तो गुनो म्हांनै बगसो। अबै थांनै पूछि नै क्यू देस्यां।

तिसै मांडवगढ (मांडू) राजा, तिणरी चाकरी उदियादित करै छै। त्यांरा कागद बुलावणरा उतावळरा आया। तरै राजा तो उलग[३] नै चढ्या, कंवर दोनूं लारै राख्या। अबै जगदेवरी ऊठि[४] बुलावणरी सबरी[५] दीधी। तिणसूं लोक माहे बास[६] फूटी, नै दरबार तो रिणधवळ करै। जगदेव तो घर माहे रहास[७] छै तठै हीज रहै। तिसै बरस २ बीता। तठै गौड़ देसरो गंभीर राजा गोड़। तिण रा नाळेर[८] जगदेवनै आयो। हाथी १ घोड़ा ६ सोना रूपासूं मढिया नाळेर देनै प्रोहित कामदार धार मेल्हिया। तिके धार आया। तद सगळांने खबर हुई, गोड़ांरा नाळेर आया। तदि डेरो दिरायो वळरो[९] चारारौ जावतो करायौ। अबै प्रोहित व्यास कांमदार मिलि पूछियो, नाळेर बंदावो[१०]। तरै गोड़ांरो प्रोहित बोलियो, म्हांनै माहरै राजा जगदेव कंवरनै नाळेर देणो कह्यो छै। तिको कंवर जगदेवने पाट बैसाणो ज्युं तिलक करां अर नाळेर द्यां। तरै इतरो सांभळि

१ अच्छा। २ कर्म में, भाग्य में। ३ विदेश में सेवार्थ। ४ की ओर। ५ मनाही। ६ खबर फैल गई। ७ रहवास, रहने का स्थान। ८ विवाह के प्रस्ताव स्वरूप नारियल। ९ भोजन। १० स्वीकार करो, ग्रहण करो।

अबोला[१] रह्या। परा ऊठया[२]। मांहे बाघेलीरो डर घणो। सघला[३] जाय बाघेलीनै कह्यौ, नाळेर तो जगवदेनै कहे छै। तरै बाघेली बोली नै रीस कीधी नै कह्यो दई-मार्‌यांका कांन फूटा, म्हारा बेटाने नाळेर आया छै, जावो उण दई-मार्‌यांनै कहै तोही रिणधवळनै हरि भांति करि दिरावज्यो जी, नहीं तर थांहरी तो चाकरी करूंली। तरै प्रोहित कामदारां गोड़ प्रोहित कामदारांने कै रुपया देनै राजी कीधा नै कह्यो, जगदेव तो दुहागणरो छै, जिणरी मां पटराणी तिणने नाळेर द्यो। तरै पईसारा मार्‌या रिणधवळनै नाळेर वंदाया, तिलक कीयो। नोवत बाजी। तरै प्रोहित कह्यौ,एक वेळा जगदेव म्हांने आँख्यां देखाळो। तरै बाघेलीसू मालुम करी। जगदेवनें ल्याया। प्रोहित मंत्रवी दीठो तरै माथो घूणीयो[४] ज्योतिधारी कळाधारी उद्योतवंत[५] दीसै छै, पिण लेख ह्वै जिणसू हीज है। अबै सीख मांगी। तरै सिरपाव दे नै विदा कीया। तिके आपरे गोडावाटी आया। राजा गंभीरसूं मिलिया। नाळेर रिणधवळ नै दीधो। राजरो धणी छै पिण ज्योति कांति छः, तितो जगदेवरी होड न करै। गैहणो पोसाख नहीं तो पिण रिणधवळ सूरज आगै चंद्रमा दीसै त्यू दीसै थो। पिण लेखसूं[६] जोर नहीं। तरै राजा कह्यौ, घणा चूका, दीधो बिणदीधो[७] हुवै नहीं नै दूजी बाई काई नहीं। तरै जोसी तेड़िनै लेगन लिखाय धार मेलियौ नै दूजौ कामदारांनै कागद दीयो, तिणमें लिख्यो, जगदेवजीनै जांन साथै ल्यावज्यो नै उण

---

१ चुपचाप। २ उठ खड़े हुए। ३ सभी। ४ धुना, सिर हिलाया। ५ जाज्वल्यमान। ६ विधाता के लेख। ७ दिया हुआ बिना दिया हुआ नहीं हो सकता।

बिगर आया तो साहो होसी नहीं। आदमी लगन लेनै धार आया। कागद कामदाररे हाथ दीधा। कागद बांचि माँहे बाघेलीनै मेल्या। तरै बाघेली कह्यो दई-मारच्या कालियाने ही ले जावो। जांनरी तयारी कीधी। तरे जगदेवनै कहायो, कंवरजी जाननै तयारी कीज्यो। जगदेव कहायो, गैणो, पोसाख, घोड़ो, राजारो लाजमो नहीं नै पाळो[1] तो इसे लवेस[2] (लिबास) चालणी आवै नहीं। तरै कोठार मांहिसूं कड़ा, मोती कंठी, दुगदुगी[3] जनेऊ, मोतियांरी माळा दे मेल्या नै चाकर घणा ही छै। इसो भांति जलूस करि बीजारो तो क्यूं कहणो नहीं, असवार हजार २ सूं चढिया, तिका चालतां-चालतां टोडै टूंक महिलाण[4] हुवा।

टूंक चावड़ो राव राज नै कंवर बीज नांमै राज करै छै। तिको राजाराज तो आख्यां संजम[5] छै, पिण हीयारा नेत्र खुल्या छै। आख्यां देखतांसूं घणो सूझै[6]। तिणरे बेटी एक नाम वीरमती बडकंवार[7] छै। तिणरो साहो करणनै सगो सोझता था। तिसै जान आई। तिसै राजा राजजी कंवर बीजनै कह्यौ, जगदेव कंवर छै तिको निपट खरो। बीज हुकम प्रमांण कियो, देस रजपूत छै, तिणनै काल्हे फेरा दिरावस्यां। जान मांहे कंवर बीजजी जुहार करणनै आया नें कह्यो, विहाणे[8] गोठ आरोगनै चढिज्यो। घणा हठ-सूं गोठ मानी। कोट आय जोसी तेड़िनै लगन बूझियो। तरै प्रभाते

---

१ पैदल। २ लिबास, पहनावा। ३ गहना विशेष। ४ पड़ाव, ठहराव। ५ अधा। ६ चर्मचक्षुओं की अपेक्षा आन्तरिक चक्षु से अधिक दिखाई देता था। ७ ज्येष्ठ पुत्री। ८ सवेरे।

गोधूलकरो लगन छै। सगली सजाई कीधी। वीजे दिन वीरमती-ने पीठी[1] कराई, खेहटियो विनायक[2] थाप्यो। तीजे पोर गोठ जीमण-ने आया। आथमण[3] सूधा जीम्या नै चलू भरनै उठै तिसै लगन वेला हुई नै प्रोहित कांमदारांने कह्यो, कंवर जगदेवजीने म्हारी वेटी दीधी। तरै नालेर घोड़ा ४ सूं झलायो[4]। नै कह्यो तोरण वांदि[5] चँवरी पधारो। कांमदारां ही दीठो वडो काम हुवो। कोई थेट गोडांरे गयां आंटो[6] उठतो, आरे करि[7] तोरण वांदि चंवरी मांय सिधाया। गोधूलकियांरा फेरा लीया। भात हुवा[8]। हाथी १, घोड़ा २५, दोवड़ी दात[9] दीधी, दासी ६ दीधी। प्रभात हुवां सीख मांगी। साहै-वंध्यो कांम[10]। तरै चावड़ी तो पीहर हीज रही। कह्यो, पाछा फिरतां धार ले जावस्यां नै जांन चढ़ी। तिका गोडांरे जगदेव परण्यारी खबर हुई। राजा गंभीर जगदेवनै देखि प्रोहित विठागरां[11] सूं घणो वेराजी हुवो, पिण लेख-वंधी वात। अब गोड़ भात दिया। दोवड़ी तात दीधी, घोड़ा २५ हाथी १ दीधो, दासी ११ दीनी। देनै सीख दीनी। तिके टोडै आया। जरै चावड़ीनै रथमें वैसाण साथे दीधी। नगर आयां वाघेलीनै जगदेव परणियांरी खबर हुई नै मन मांहे घणो दुख पायो। तै कह्यो, इण दईमार्‍या कालियानै हरकोई रावजी वेटी दै, तिको कासूं देखनै दै छै। पछै सामेलो[12]

---

१ उवटन। २ गणपतिकी मूर्त्ति। ३ सध्या तक। ४ पकड़ाया। ५ तोरण मारनेकी प्रथा करके। ६ झगड़ा खड़ा होता। ७ ऐसा जानकर। ८ भोजन हुए। ९ दुहरे दहेज। १० लग्नके अनुसार काम। ११ धोखे-वाजों। १२ अगवानी, स्वागत, सामनेसे लेना।

कीधो। तठै गोड़ नै चावड़ी सासुवांरै पगे लागी। देवतांरी जात[1] कीधी। मास पछै गोड़-चावड़ा आया। आपरी बेटीनै ले गया। पीहर गई तदै दायजो दीधो थो, जितरो चावड़ी रे साथे मिलियौ थो, तिको जगदेव राख्यो।

हिवै वरस १८ मांहि जगदेव हुवौ। तठै राजा उदयादित उलगसूं[2] पधारिया। कँवर रिणधवल मोटी असवारी कर साम्हो गयो। पगे लागो। मूंता[3] सेठ पगे लागा। तिणां मांहि सिगलांरा मोला[4]-मुजरा लीया, पिण जगदेव मुजरै नायौ। तिसै घणा उछाह होतां राजा सिंहासण दरीखाने[5] विराजिया नै मुहतासूँ फुरमायो, जगदेव कँवर कठै छै। तरै कह्यो, सोलंखणीजीरै हजूर होसी। तद खवास मेलि तेड़ायो। तरै जगदेव सादी पोसाख पहिरियां पगे लागो। तरै राजा उठि छातीसूं भिड़ि मिलियो, माथै हाथ दीया, निपट नैडो बैसाणियो नै राजा पूछियो, कँवर, उणहीज पोसाख छो। तरै कँवर अरज कीधी, महाराजा, आप असवार हुवां पछै रोजीनारो थाली नै हाथ-खरचरो रुपया दोय फुरमाया चढिया[6] था, तिके मांहि जी कबूलिया नहीं, तिणरे हुकम बिनां खांनसमां न दीया। आपसूं मालूम हीज छै। हासल पैदास बिनां लवाजमा कुंकर[7] हुवै। जदि राजा कड़ा, मोती कंठसरी,[8] दुगदुगी, जनेऊ, हथ-सांकलां, सिरपेच, कड़ीयां री तरवार, ढाल, कटारौ, खंजर, तरगस, बांण, सर्व

१ देवयात्रा। २ परदेश की सेवा। ३ मुहता, मन्त्री। ४ मिलना-भेंटना, अभिवादन-स्वागत। ५ दरबार में। ६ चढ़े हुए थे, बाकी थे। ७ क्योंकर। ८ कंठमाला।

वगसीया। तद जगदेव मुजरो करि-करि लीधा। पिण दोनूं हाथ जोड़ि अर्ज कीवी, महाराजा, आप इनायत कीधी तिके पाया, पिण मांईजी म्हांसू घणी महरबानी फुरमावे छै नै आप बाघेलीजीरे महल पधारिया तरै सगली ट्रूमां (गहणो) मंगवाणी पड़सी, तिणसूं म्हारी रहवास ले गयां पछै मेलस्यूं नहीं, तिणसूं औ खालसै रैहणरो हुकम हुवै। तरै राजा कह्यौ, बाघेली कहै पिण म्हारे तो रिणधवल नै थे सारिषा कंवर छो। नै वलै तोनै कुं सरसो[१] गिणती मांहे गिणूं छूं। मैं म्हारो माल दीधो छै नै थारी असवारीरे वास्ते म्हारी असवारी-रो खासो[२] घोड़ौ दीधो। तरै कंवर मुजरो कीधो नै राजा सीख दीधी नै कह्यो, सांझरे दरबार वेगा आवज्यो। इसौ कहि सीष दीधी। घोड़ो खालसारी पायगारी[३] जायगा राख्यो। सोलंखणीसूं मुजरो कियो। इनायत वस्तां थी तिकी देखाई। तरै मा कह्यौ, वेटा, बाघेली आगे रह्यां हीज भरोसो। तिसै खोजां[४] नाजरां[५] दोड़ि बाघेलीसूं कह्यो, आज महाराजा खनै थो जितरौ सगलो जगदेवनै दीधो और असवारी रो पाटवी घोड़ौ बगसियो। इतरो सुणतसमो हिया मांहि लाय[६] लागी नै कह्यौ, महाराजा जनाने पधारीजे, रसोड़ो तयार हुवो छै, नै महारानी बाघेलीजी दांतण कियां विना विराजिया छै। पहिली महाराजारी सवारीरो दरसण कर आरोगे था नै आज धन दिन धन घड़ी पोहर महाराज पधारीया तिको दीदार[७] करि दांतण फाड़सी। इतरो राजा सांभलि दरबार वहोड़ि[८] मांहे पधारिया।

---

१ सदृश। २ ख़ास। ३ पायगाह, घोड़ों का अस्तबल। ४ दूतों ने। ५ नपुंसक कंचुकियों ने। ६ ज्वाला, अग्नि। ७ दर्शन। ८ समाप्त करके।

मुजरो करि निछरावळ हुई। सिंघासण विराजिया। तिसै वाघेली कह्यो—ज्वारीं सूरति ऊपरां घोळी जावो[1], पुखता हुवा[2], तिणसूं गहणांरो मोह छोडियो, पिण देसोत[3] कदेही पुखता नहीं। राजा कह्यो—गहणा तो था, पिण कंवर जगदेवनै अडोळो[4] दीठो जद गहणा बगसिया। इतरो सुणतसमो राणी बोली,' उंण काळूया दई-मारयाकै यूंहीज बण आई छै, गैहणा तो दोवडा[5] था, जांन चढ़तां कोठारसूं दिया था। सरब गैहणा तोडै चावड़ां पिण दीधा। सो महाराजा बिणनै समूधा[6] दीधा नै म्हारा बेटानै एक ही रीझ[7] दीधी नहीं, तिको आधा गहणा मंगवाय रिणधवळनै बगसो। तरै राजा कह्यौ, रीझ गरीब दै तिकोई मंगावै नहीं, तो पृथ्वीरा धणी राजा। और कंवर दोनूं सारीखा छै, मंगावणी नावै। तरै राणी कह्यो कड़ियांरी तरवार, पाटवी घोड़ो बडा कंवर पाटवी राखै, तिकै मंगायां दांतण फाड़स्यूं। राजा दीठो, वैरांरा हठ भूंडा[8]। तदि नाजरनै मेलि कहायो, बेटा, तनै निपट सखरी बीजी देस्यूं, तरवार दीधी तिका उरी मेलज्यो[9] नै मांनैं चैन चाहै तो इण वारां हठ मतां करिज्यो। नाजर आयर कंवर सूं अरज कीधी। जरै जगदेव तांमस[10] खायनै दीधी। जगदेव कह्यौ, जो लड़ां-भिड़ां तो कपूत कहावां छां, नै मूंछा आई। रजपूतरा बेटा छां। कठैक

---

१ न्यौछावर होती हूँ। २ विश्रब्ध, प्रतिष्ठित होने पर। ३ देशपति, राजा। ४ आभूषण रहित। ५ दुहरे। ६ उसको सभी। ७ प्रसन्नता से दिया हुआ पुरस्कार। ८ औरतों का हठ बुरा होता है। ९ वापिस भेज देना। १० क्रोध करके।

जाय वाजरी कढावणी१। यूं कह्यौ छैः—

दूहा

चंगै माड़ू२ घर रह्यॉ ए तीन अवगुण होय।
कपड़ा फाटै, रिण३ वधै, नांम न जांणै कोय॥
जोवन दरव४ न खट्टीया५ ज्यां परदेसां जाय।
गमीया६ यूंही दीहड़ा७ मिनख-जमारै८ आय॥

तिणसूं माजी हुकम द्यो कठै कै करम पतवाणां९। पायगासूं घोड़ो मंगावी खजानांसूं आपहीज खोलि थेली दो मोहरांरी लीधी। नैं हथियार वांधि मांसूं मुजरो करि रीस मांहि ज चढिया। तिकै पाथरै तोडै आया, वाग मांहि डेरो दीयो। घोड़ो ऊभो चोकड़ो१० चावै छै। कंवर चंवेली विड़ां११ मांहि जीणपोस विछाय वैठा छै। ढाल छाती आगै दे झोला१२ दै छै। सहिर मांहै, जाणै छै, दिन आथमिया१३ जास्यां। पछै दिन दो चार रहि आघा सिधावस्यां१४। तिसैं चावड़ी वीरमती सहेल्यांरा साथसूं चकडोल१५ वैसनै आप रो वाग छै तठै आई। परण्यांनै वरस ७ हुआ छै। तिको वाग मांहि वंगलो छै जठै विछायत हुई। आप वैठो छै। वाग मांहि माली धुरा-धुर१६ मरद रापियो न छै। पोलिया खोजा पोली वैठा छै। तिसै

---

१ जीविकोपार्जन करना। २ चंगे, स्वस्थ पुरुष के। ३ ऋण, कर्जा। ४ द्रव्य, धन। ५ इकट्ठा किया। ६ विताये। ७ दिन। ८ जीवन। ९ कर्म-परीक्षा करूँ। १० घोड़े के मुँह में लगाम की कड़ियाँ। ११ चमेली के वृक्ष-कुंज में। १२ झूल रही है। १३ अस्त होने पर। १४ चला जाऊँगा। १५ पालकी। १६ तक भी।

दासी फूल लेती-लेती असवार दीठो। घोड़ो रुपया हजार दो-तीन रे मोलरो दीसे छ। पिलांणरी साजत ऊंची दीठी। तरै छानैछै[1] विड़ाँ माँहे दीठा, बाइजीरै बररी सवी[2] दीसे छै। नाकरी डांडी[3], आंख्यां, निलाड़[4] डील रोमछर[5] देखि सही कंवरजी ही छै। तरै दौड़न आय कह्यो, बाईजी, बधाई पावूं, बाईजी सिलामत उगणीस विस्वा[6] तो श्री श्रीमहाराज कुंवरजी छै। तरै चावड़ी कह्यो, पर-पुरसरो मुंह देखूं नहीं। पिण तूं डाही[7] समझावार छै, तिणसूं आवं छूं। बीड़ारी ऊट[8] देनै देखै तो कंवरजी ही छै। तदि चावड़ी जाय मुजरो करि हाथ जोड़नै कह्या, धन दिन धन घड़ी धन वेला, भलांही श्री सूरजजी ऊगो, आज श्री प्रीतमजी रो दरसण पायो, श्री कंवर जी पधारिया। पिण साथ कठै। इकेला हीज पधारिया, तिणरो विचार कासूं। तरै कंवर सगली हकीकत कही नै हूं चाकरी करण-नै नीकलियो छूं। कोई मोटो राजा, तिणरी उलग[9] करण सारू निकल्यो छूं। थे कठेही वात प्रगट करो मती। तिसै दासी दोड़ि दरबार जाय बधाई दीधी, जंवाई पधार्या छै। सैंदाना[10] सरू हुआ, बधाई वांटी, बधावा बांटण लागा। कंवर पाल़ हीज आय मिलिया। चावड़ी दरबार आई। कंवर बीज जगदेवनै ले दरबार पधारिया। राजाजीसूं जुहार कीयो। दिन पाँच रहि सीख मांगी। तरै राजा कह्यो ओ दरबार रावलो[11] हीज छै, अठै उठै एकही ज विचार छै। राज

---

१ छिप लुक कर। २ आकृति, मूर्त्ति। ३ नाक की डंडी। ४ ललाट। ५ शरीर की रोमावलि। ६ बीस में से उन्नीसवाँ अंश, सचमुच। ७ चतुर। ८ ओट। ९ सेवा। १० स्वागत के वाद्य। ११ आपका ही।

अठै हीज रहो। तरै जगदेवजी कह्यो, इण वातरो हठ मत करो, इकेलो एक वार परदेस जायलै ताला[1] देखणा छै। तरै जोरावरीसू हांकारो कहायो। रात पड़िया चावड़ीरै महिल सिधाया, सीख मांगी। तिसै चावड़ी कह्यो, हूं तो कंवरजीरी चाकरी मांहि रहिस्यू, दासी वंदगी करस्यू। जगदेव कह्यो, हूं एकलो ही जास्यूं, थानै वेगा ही वुलावस्यू। चावड़ी कह्यो देहीरो छांहड़ो[2] जुदी देखावो देहसू अलगी[3] रहै तो मोने अठै रहणरो हुक्म करो। तरै चावड़ीरो वच आरै कीधो[4]। दोई घोड़ा पिलांण करायो। वणा जडावरा[5] हलका[6] सोना माहे जड़िया लीधा। मुक्नो[7] चावड़ीनै पहिरायो। जगदेव जी असवार हुवै तिण पहिली चावड़ी आंण ऊभी रही। थेली मोहरां री पाहुरां[8] मांहि घाली। तिसै कंवर वीजजी असवार तीन सौ सू पोंचावण चाल्या। चावड़ी मां-वापसूं मिली। धाय धावड़[9] सहेली ख्वाससूं मिली। तरै सासू तिलक काढ़िनै नालेर देनै चावड़ीरी भोलावण जगदेवजीने दीधी। जुहार करि आसीस लेनै राजा राजजीसूं मुजरो करि असवार हुवा। तिके सहिरसूं कोस एक आया तरै साथरां[10] पूछियो, कंवरजी, घरां पधारो तो ओ मारग छै। तरै जगदेवजी कह्यो, पाटण सिद्धराव जैसिघदेव सोलंखीरी चाकरी जास्यां। इलरो कहि सूधो मारग छै तिको पूछियो। तरै एकै कह्यो, पाधरै रस्तै टोकड़ी अठासूं कोस १२ छै नै निरभै राह

१ मौका, ढग। २ छाया। ३ अलग। ४ स्वीकार किया। ५ जडाऊ। ६ घोड़े का जड़ाऊ साज। ७ परदा, बुर्का। ८ जीन में लगे हुए थैले। ९ बड़ी धाय। १० साथ के लोगों ने।

पधारस्यो तो कोस ३० ऊपरां छै, डूंगर दोला[1] फिरनै सिधारस्यो। तरै जगदेवजी कह्यौ, इतरी ॲवलाई[2] खावां सो घोड़ासूं बैर नै छै। तरै कह्यौ, पाधरी राह नाहरी-नाहर विचै रहै छै, तिणां गांव ५-७ उजाड़ कीधा छै। के देवंसी नाहर छै, नगारा ढोल देनै राजा सिकार चढ़ी, नाहर-नाहरीरो एक रूं वढीयो नहीं[3]। तिणरा डरसूं मारग बंद हुवौ छै। तिणनै बरस ८-६ हुया छै। घास ऊभता दोय बध रह्या छै। बड़ी झंगी[4] मच गई छै, तिणसूं मारग कोस २२ री ॲवलाई खायनै लोक जायै छै। तिसूं निरभै राह पधारीजै। जगदेवजी कंवर वीजजीसूं जुहार करि सीख देनै पाधरे मारग खड़िया[5]। हठ तो वीजजी घणो ही कीधो, पिण पाधरे राह चाल्या नै कह्यौ, गंडक-गंडकड़ीरा[6] डरतां ॲवलाई खावणी आवै नही। हिवै वेहूं[7] सजोड़ै[8] निरभै थकां घोड़ा खड़ियां जायै छै। तरै चावड़ीनै कह्यौ, डावी जीमणी[9] घास माहै निजर राखतां जावो। यूं करतां कोस ६ पोंहच्या। आगै मारगरै सैं-बिचै[10] नाहरी वैठी छै। पीछे पांवडा १०० ऊपरा नाहर बैठ्यो छै, तिको चावड़ीरै निजर आयौ। तरै कह्यो, महाराज कंवरजी, सावज[11] बैठ्यो छै। तरै जगदेवजी ल्हेस[12] काढि चिलै आंणी[13] नै कह्यो, नाहरी, तूं रांडरी जात छै,

---

१ पर्वत के चारों ओर। २ घूम, चक्कर। ३ रोम, एक (बाल) भी बांका न हुआ। ४ बड़ी जंगी, बहुत बड़ी बीहड़। ५ चले। ६ कुत्ता—कुतिया। ७ दोनों। ८ सपत्नीक। ६ दांये, बांये। १० ठीक बीच में। ११ जंगली जानवर, सिंह (श्वापद)। १२ शेल, भाला। १३ चिल्ले पर चढ़ाया, वार करने के ढंग से सम्हाला।

तूं हत्या मती चाढे,[१] मारगसूं उठिनै डावी जीमणी टलि बैसि।' इतरो नाहरी सबद सुणितसमी[२] पूंछ पटकि धरतासूं मूंडा लगाय उछलनैं पड़ै, तिसैं ल्हैस छोडी। तिका सामी टीकै[३] लागी नै लद्वारा[४] कांनी पार उतरी। नाहरी उछली नै पांवडा १० ऊपरां पड़ी। जीव निकल गयो। आघा चाल्या तो नाहर बैठ्यो छै। ल्हैस चिल्है आणि कह्यौ, डावो जीमणो होयजा नहीं तो गंडकड़ी मिलैलो[५]। तिसै नाहर पूंछि पछाटि धरती मूंढो दे नै उछल्यौ। तिसै ल्हेसरी दीधी। तिको लागी टीकै माहै नै मूलद्वारै नीकली। तिका पांवडा २० ऊपरा पड़ी। तरै जगदेव कह्यौ, बापड़ा[६] गरीब जिनावर मार्या, हत्या चढ़ी। तद चावड़ी कह्यो, महाराजकंवार, राजांरी सिकार छै।

यों बातां करतां टोकड़ीरै तलाव आया। वड़ पीपल घणा छै; जल लहर्‌या ल्यै छै। तठै जाय घोड़ासूं उतरिया,हथियार खोल्या,गंगाजली[७] बादलो जलसूं भरि लाया। घोडांरा लालीया[८] छांट्या। आप आख्यां छांटी, कानांरा गोख[९] छांट्या। चावड़ी मुख धोयो, ठंढाई कीधी। तरै लारै बीजजीसूं बात मालूम कीधी, कंवर जगदेवजी पाधरै मारग खड़िया। तरै राजजी रीस कीधी नै कह्यौ, असवार २५ सिलह बगतरिया होय वंदूखां तीर बांधि करि जावो, लाभै जठै लाकड़ी देनैं आवज्यो। धायौ[१०] नाहर छै, दोय आदमी दोय घोड़ा भखनै पांणीरी तीर सूतो हुसी। धाया नाहर छै थानै डर कोई नहीं। तरै असवारां

१ लगावे। २ सुनते ही। ३ ललाट में। ४ गुदा-द्वार। ५ कुतिया (सिहनी) की गति को पावेगा। ६ बेचारे। ७ झारी। ८ फेन, झाग, दूर किये। ९ कानों के गवाक्ष (विवर)। १० तृप्त हुवा, पेट भरा हुआ।

चढतां सगला साथसूं राम-राम करि रोजगार-लूणरी तासीर चढियो[1] जोइजै, पिण पाछा आवणरी कांई आस न छै। चढिया डरता २ जायै छै। आगे नाहरी नाहर पड़िया दीठा, मूवा। ल्हेसां दोनूं ही उरी लीधी। राजी होय लारां दोड़िया। असवारां जाय जगदेवजी सूं मुजरो कीधो। चावड़ी ऊलख्या,[2] घररा राजपूत दीठा। पाछे मेलिया। तिके समाचार कह्या नै रजपूतां कह्यौ, महाराजकंवरजी पृथ्वीरो गायाँरो धरम लीधो। कालरा वरखा[3] किणीं राजा ठाकुरां सूं मूवा नहीं। इसौ पृथ्वीरो दुख राज विना कुण काटै। इतरौ सुणतसमो रजपूतांने सीख दीधी नै कंवर दिन आथमियै सहिर मांहे आय खाणां-दाणांरी कीधी नै टको १ देयनै घोडाँ रै खुररो करायो। रातब दाणों दिरायो। हाटां मांहे डेरो कीयो। रुपिया ४ लागा। यों मजलांरा मजलां चालतां २ पाटण आया। सहसलिंग[4] तलाव सिद्धराव जैसिंघदेजी करायो छै, तिणरी पाल ऊपरां मोटा बड़ छै, तिण हेठे घोड़ासूं उतरिया। घोड़ांने टहलाया, लोयलियां छांटिया, पाणी दिखाइयो। घोड़ा कायजें[5] हुवा ऊभा छै, चोकड़ो चाबै छै। कुं तोसो[6] थो तिको काढि दोनूं ही सिरावणी[7]

---

१ रोजगार और नमकहलाली के कार्य में चढ़े। २ पहचाना। ३ काल (यमराज) के बरसाये (पैदा किये हुए)। ४ सहस्रलिंग महादेव का मंदिर और उससे लगा हुवा उसी नाम का तालाव, जयसिंह देव सोलंकी के इतिहास में उसके बनाये हुए मन्दिर और तालाव का विवरण है, देखो नैणसी मूता का सोलंकियों का इतिहास। ५ एक साथ जोड़े हुए दो घोड़े। ६ सवल, परिश्रम निवारणार्थ यात्रा में खाद्यपदार्थ। ७ कलेवा।

कीधी । तिरै जगदेवजी कह्यौ—चावड़ीजी, राजि घोड़ां लियां अठै विराजिया रहिज्यो, हूं नगर मांहि जाय काई हवेली भाड़ै ले पछै राजनै ले जावस्यां, नै बेहू जणा साथे फिरता डूंब-डूंवणी[1] ज्यूं फिरता रूड़ा[2] न दीसां। तरै चावड़ी कह्यौ—पधारीजै । तरै जगदेव तरवार कटारी लेनै नगर मांहे हवेली भाड़ै पूछै छै। अै तो सैहर मांहे सिधाया छै नै चावड़ी तळावहीज छै।

इतरै अठै सिधराव जैसिघदेवरो माहिलवाड़ियो[3] डूगरसी कोटवाळ पाटणरो छै। तिणरो बेटो एक लालकंवर। तिको मोटियार छै । परण्यो तो छै, पिण मोटूयार, पाटणरे कोटवाळरो बेटो नै माहिलवाड़ियो छै। तठै पाटण मांहे पातरांरा[4] पान्चसै घर छै। तिण माहे एक जांबवंती पात्र छै। तिणरै सागरद[5] सहेली घणी छै। छोकरी छोकरा घणा छै। मालरी धणियाणी[6] छै । तिणरै कोटवाळ रो बेटो आवै। तिणरो सागरदसूं रमै[7]। एकै दिन कह्यौ, जांबोती, काई निपट फूटरी[8] चतुर कुळवंती बालक-बरसां[9] मांहि इसी काइक मिलावै तो खवास[10] करूं, नै तोनै निवाजूं[11]। जांबोती मुजरो करि आरे कीधी। आपरे चाकरांनैं पिण कहि राखियो छै । जांबवंतीरी सहेली पिण पाटण माहें देखती चोथती[12] फिरै छै। आछी अस्त्री जोवती[13] फिरै छै। तिण समीयै जांबोतीरी छोकरी पाणीरो घड़ो

---

१ ढाढ़ी-ढाढ़िन की तरह। २ भले। ३ राज्य महल का नौकर। ४ वेश्याओं का। ५ नौकर, शिष्य, शागिर्द। ६ स्वामिनी। ७ रमण करता है। ८ सुन्दर। ९ बाल्यावस्था में। १० मरज़ीदान, स्नेहपात्री। ११ प्रसन्न होऊं। १२ भालती, खोजती। १३ खोजती हुई।

लेनै दोपारां[1] सहस-लिंग तलाव आई। आगे चावड़ी मुकनां मूंढो ऊपरांसूं परो करि बैठी छै। आदमी फिरतो कोई दीठो नहीं, तद मूंढो उघाड़ जलरो तमासो देखै छै, वले कमठाणों[2] देषै छै। तठै गोली[3] पिण उणरै कह्यै चोघनी फिरै छै। तद चावड़ी दीठो, इन्द्ररी अपछरा, हजार चन्द्रमांरी सोभा दीसती देषनै हैरान हुई। घड़ो लियां चावड़ी कनै आई। मुजरो कीयो। पूंछियौ, बाईजी कठां सूं आया नै घोड़ांरा असवार सिव पधारिया छै। तरै चावड़ी कह्यौ, हूं उदियादीत राजा पंवाररा छोटा बेटारी परणी छूं। वले गोली पूछियो जेठ छै। कह्यौ, रिणधवल। तरै गोली कह्यौ, बाईजी, कंवरजी रो नाम कासूं। चावड़ी कह्यौ, गैली, घररा धणींरो नांम कदेई कोई कह्यो छै। गोली कह्यौ, कै श्री करताररो नांम कहीजै कै भरतार रो नांम कहीजै। आप तो देसोत छो। तरै चावड़ी कह्यौ, कंवर जग-देवजी। वले गोली बोली, आपरो पीहर कठै छै। चावड़ी कह्यौ, टोडे राजा राजरी बेटी, बीजरी बहिन, चावड़ा छै। तरै गोली कह्यौ, कंवरजी मांहे पधारिया छै, नै घोड़ांरी रखवाल रखावज्यो। तरै चावड़ी कह्यौ, उण काला पहाड़रा घोड़ा सामो जोवै कोई नहीं। वले गोली कह्यौ, मोटां राजारा कंवर एकेला कूं निकलिया। तरै चावड़ी कह्यौ, मांईसूं रीसाय नै निकलिया छै। लारली[4] वात सगली कही गोलीनै और गोली सगली वात ले मुजरो करि[5] पाणी भर घरै आई। जांवबतीनै कह्यौ, कदेई कंवरजीसूं मुजरो करो। इकेली बैठी

[1] दोपहर के समय। [2] भवन-निर्माण, कारीगरी। [3] दासी। [4] पिछली। [5] प्रणाम करके।

घोड़ा दोय लियां बैठी छै। धू रै मंडळै[1] वैर[2] जात न दीठी। कहता जिसी छै। ओर जात, जेठ, सुसरो, धणी, पीहर सगळा बताया। तरै जांबोती कपड़ा आछा पहिर पलमादार गुजराती गैहणा-पहिरया, रथ जूतग्यौ[3] जलूसदार। मांहै बैठी चिक पड़दा दे नै। छोकरी आपरी पराई २०/३० पाखती लीधी। चाकर पंचहथियार साथे लीधा। एक मालजादो[4] खोसरो[5] थो, तिको पोजो वणाइ घोड़े चढ़ि लीधो। तिका चावड़ी वैठी थो तठै चाली चाली आई। परेच[6] आडी खंचाई नै जांबोती कह्यौ, वहू, ऊभा हुवौ मिलां। हूं थाहरी भूवा-सासू छूं। मोनै इण वडारण[7], थांसु वात करि गई थी, तिकै मोनैं कह्यौ। तरै हूं महाराज सू मालूम करि रथ जोताई नै आई छूं। थांनै भतीज जगदेव परणियां टोडै, जरै हूं नाई[8] थी। तिणसू थे ऊळखो नहीं नै नैतौं रिणधवल री मा मेल्यो थो। भतीज जगदेव कठै सिधाया नै थे मोटे घररा छो अर मोटे घर आया। आ वैसणरी जायगा आपणीं नहीं। तरै चावड़ी देख भरममें आई, कदेही कंवरजी सिधराव री सगाई री बात कही नहीं नै राजारा राजा सगा होसी, यों जांण कपड़ो गैहणो तरै[9] देखि पगे लागी। आसीस दीधी नै कह्यौ, वहू रथ विराजो, भतीज अठै आयो रहसी। नफर[10] एक अठै ऊभो राखिस्यां तिको दरवार ले आवसी। खोजां नै कह्यौ। घोड़ा नफरा

---

१ ध्रुव मडल मे, पृथ्वीतल पर। २ स्त्री। ३ जुतवाया। ४ माल-ज़ादा, कामी, दुश्चरित्र पुरुष। ५ वेश्याओं का दूत। ६ कनात, तम्बू। ७ राज्य महल की वडी, प्रतिष्ठित नौकरानियां। ८ नहीं आई। ९ ढग। १० नफ़र, नौकर।

नें सुंपणा मांड्या। तरै चावड़ी थेली दोनूं ही डरी लीधी। रथ बैठाय नै रथ खड़ियौ। तिसै खोजांने वडारण साथे कहाड़ियो[1], आदमी अठे एक ऊभो राखो, जगदेव आवै जरै साथे लेनै वेगो आवै। यों करि नै घरै आई। घर मांय पोलीदार[2] छै जठै मांय आघो रथ छोडयो नै जांवोंती उतरी, चावड़ी उतरी। तिसै मांहेसूं सागरद थी तिका वडी पोसाख कीधां सामी आई। क्यां[3] मुजरो कीधो, कै पगे लागी, केई सहेली खवास[4] हुई खमां-खमां[5] करती आगै चाली। मांहे गई तरै ऊभो[6] मालियो निपट बेबाह[7] छात बंधी छै। पाखतां कली[8] ऊपरां सोनेरी चित्राम जाली काच जड़िया छै, जाणै सागै[9] हीरा जड़िया दीसै। तिसीहीज बिछायत ऊपरां गाव-तकिया[10], वगल-तकिया, गींदवा[11] बादेला[12] पास्वा[13] मसंद[14] ऊपरै पड़िया छै। तिण मालियै लेनै वैसाणी। तरै थेली दोय मंगाय नै राखी। गरम पांणी दिराया नै तिसै एकै छोकरीनै कह्यौ, जा श्री महाराजा सूं मालूम करि, म्हांरो सागी भतीज जगदेव अठै पधारियो छै, महाराजा घणी गोर करावज्यो जी। आवै छै तरै पगे लागसी जी। सजोड़ै छै। चावड़ी म्हारै महिल छै। छोकरी मुजरो करि घड़ी दोयनै आय कह्यो, महाराजा घणा खुस्याल हुवा नै फुरमायो छै, आवत-समो भूवा सूं

---

१ कहलवाया। २ दरवान, द्वारपाल। ३ कइयों ने। ४ नौकरानी का रूप बनाकर आई। ५ 'खमा खमा' ये शब्द प्रजा द्वारा राजा के अभिवादन में मारवाड़ मे बोले जाते हैं। ६ ऊँचा महल। ७ अर्थ सदिग्ध है। ८ दीवार पर की हुई कलई। ९ सचमुच। १० गाल रखने के तकिये। ११-१२-१३ नाना प्रकार के तकिये जो सौख्यपूर्ण घरों में मिलते हैं। १४ मसनद, गद्दा।

पछै पगे लगावज्यो । एक वार म्हांसूँ मिलावज्यो । तितरै जीमण तयार हुवो। तरै जांवोंती कह्यो, वहू, संपाड़ा[1] करो, ज्यां[2] जीमां। चावड़ी कह्यौ, मोनै पतिव्रता धर्मरो पण छै, कंवरजी आरोगियां पछै आरोगणरी वात। तिकै तो अजेस[3] पधारिया नै छै । तिसै एकै छोकरी आय कह्यौ, वहूजी साहव, राजरो भतीज जगदेव मुजरो कीयो छै। नै महाराजा कनै पधार विराजिया छै । महाराजारै रसोड़ै थाल पधारियो थो। तरै जांवोंती कह्यौ, जा उतावली जगदेव अवाय[4] तो होय जिसी, महाराजा साथै आरोगिया छै कै नहीं तो म्हाराजा सूँ अरज करि तेड़ ल्याव, भूवा भतीजो भेलाही जीमस्यां। जिसै इणरै ही थाल ल्याया । तरै जांवोंती कह्यो वे कू (कूवे ?) पराडां[5] जगदेव भतीज आयां पेहलां हूषा जूटण (?) नूँ वैसूँ। आरोगियां ही खवर आवै जरां पछै जीमवाकी वात। तिसै छोकरी जाय आई। वहूजी साहव, महाराजरै साथै सांपड़िया नै वडे थाल दोनूँ सिरदार जीमतां देख आई छूँ, पिण रावलो भतीजो होय तिसो होज रूप रंग मांहे सांवला छै। जावोंती कह्यौ, आ तो म्हारा घररी खान[6] छै, भाई उदियादीत पिण रंग मांहि सांवला छै, पिण म्हारा घर जिसो रूप कठैही न छै । इसी भाँति वातां करि चावड़ीरो मन

---

१ स्नान। २ जिससे। ३ अब तक। ४ ले आ, बुला ला। ५ यद्यपि इस वाक्य की भाषा, लिपिकार की गलती से समझ में नहीं आती, परन्तु आशय इस प्रकार समझ में आता है—तब जाम्बवंती ने कहा, जगदेव भतीज के आने से पहले अन्न को छूने (हूँषा जूठण, बैठना (मेरे लिए) कूए में पड़े (कूवे पराड़ां)। ६ घराने की विशेषता।

परघलायो[१] । थाल दीधो, बहू आरोगी । तरै क्यूँ जीमी क्यूँ न जीमी, थाल छोकरी उठाय लियो । अवै वातां पूछणी मांडी । तीजो पहर आयो । चावड़ी कह्यौ, कंवरजी मांहे भूवाजीसूँ मुजरो करणने पधारीया नहीं । तरै जांबोती कह्यौ,जा ए छोकरी, भतीजने तेड़ ल्याव[२] । जांबोती वहूने वातां लगाई । तिको जगदेव विना तो वातां अलूणी[३] लागै छै । तरै छोकरो घड़ी-दोय पछै आय कह्यौ, महाराजा उठण दे नहीं । कह्यौ, राति पोहर एक गियां पोढणनै आवसी, तरै भूवासूँ मिलि लेसी । इतरो सांभल रीस कीधो, महाराजा सूं अरज करि, परभाते घणी वातां करिसी, पिण अवार मिलण रो हुकम हुवै । छोकरी भले[४] घड़ी-दोय नें आई । आगे कह्यौ त्यूंहीज कह्यौ ।

तिसै दिन मंदिर पधारियो[५] नै लालकंवर नै कहायो, आज म्हारो मुजरो छै । रात पोर एक गियां वेगा पधारिज्यो, आपणे वस छै । खवास चाहो तो खवास राखज्यो, नहीं तो हूँ सागरदां में राखस्यूं । अवै लालकंवर अमलांरा जमाव[६] मांडिया, गलियो गुलसरो[७] छूटो अमल कियो । पछै वत्तीसो कसूभो मिश्री माहें कढाय पीधो । मुफर[८] माजुम लीधो । पछै दारू रुपया ६० सेर लाभै तिको अधेला भर ल्यै तो चार पांच सेररो पीवा कै चांकां रहै[९], तिणरो प्यालो पईसां च्याररो लीधो । पछै पोसाख

---

१ पिघलाया । २ बुला ला । ३ नीरस । ४ फिर । ५ दिन अपने घर गया, सूर्य अपने मन्दिर (मंदराचल, अस्ताचल) को गया, सूर्यास्त हुआ । ६ अफ़ीम जमाना (खाना) शुरु किया । ७ गुलदस्ता । ८ मुख के स्वाद के निमित्त किसी पेय पर खाने का पदार्थ । ९ चार पाँच सेर शराब पीने के बराबर मस्त रहे ।

गहणो पहिरियां, सूंधो[1] चोवो अतर लगाय कस्तूरीरी कंठी वणाइ, सेलरा थेगा दे[2] तोड़ूंकतो-तोड़ूंकतो[3] आयो। वतक[4] एक सेर दारू सूं भरी रुपया ६० सेर वालो। तिको ले पान फूल मिष्टान लेनै आयो। तिसै गोल्यां बोली, बहूजी, वधाई देज्यो कंवरजी पधारिया। चावड़ी जाण्यो पधारिया तो परा। तिसै मालियेरै बारनै आयौ ज्यूं निजर और दीसै। तितरे छोकरी दारूरो वतक पांन मिष्टान मसंद ऊपरां मेल्हि पाछी हीज घिरी। जाती कीवाड़ जड़ि बाहररी सांकली दीधी। चावड़ी देखै तो दूजो। तरै मन मांहे जाणियो कोइक तो दगो दीसै छै नै हूं अघोरी जात, औ मरदरी जात नै अमलां मांहे असुर[5] दीसै छै। इण आगै म्हारो धर्म राखणो छै, तो कपटसूं करणौ। यूं जाणि नै ऊभी हुई नै कह्यौ, कंवरजी आघा पधारो, ढोलिये विराजौ, इण अखी कह्यौ। तरै लाल कह्यौ, चावड़ीजी राजि विराजो। रूप देखि नै गोलो रीझ गयो। इण पिण नैणांरा बांणां सूं वींध नाख्यौ, पांणी ज्यूं हो गयो। लाल कंवर कह्यौ, म्हांरी जांबोती बडी चाकरी कीधी। चावड़ीजी, अै मालजादी छै। मैं यांनै कह्यौ थो, कुलवंतो रूपवंत चतुर बालक काई मिलावै तो खवास थाए। तिसा हीज थे छौ। मोनै हुकम करस्यो सो करस्यूं। तरै चावड़ी जाण्यो म्हारी साली मालजादी मोसूं घणो दगो कीन्हो नै मोनै जोर भोलाई[6]। तरे चावड़ी वतक प्यालो हाथमें लीधां दीठो, अमलां

---

१ सुगन्धित द्रव्य। २ ठेंक देता हुआ, सहारा लेता हुआ। ३ सांड की तरह ताँडता हुआ, नाद करता हुआ। ४ वत्तख, शराब पीने की सुराही। ५ दैत्य के समान। ६ बड़ी आपत्ति में डाला।

मांहे आंधो दीसै छै। तरै प्यालो दारूसूं धकधक छलियो[1] नै आघो हाथ कियो। कंवरजी, आघो हाथ करि म्हारो हाथरो प्यालो लीजै। तरै लाल कह्यौ, ओ पईसां दस भर नै बीजो पांच अथवा सात सेर दारू अमलां पौंचै छै, तिको अजे निपट चाक हीज छूं नै प्यालो निपट करड़ो छै नै बातां करणी छै। चावड़ी कह्यौ बातांरी किसी फिकर छै, पहिली वार म्हारो हाथ ठेलो[2] मति, थूं जिको ल्यौ। मोनैं ही बातांरो कोडि[3] छै। इतरो कह्यौ, तरै प्यालो लीधो। तरै धूजते हाथ लालकंवर प्यालो भरि नै चावड़ीनै दीधो। चावड़ी घूंघटो करि कंचू[4] मांहे ढोल[5] दीधो नै खंघारो कीधो, थूकियो। तिसै दूजो प्यालो चावड़ी वलै भरियौ। जाणियो गोलो अजे सपगां[6] छै। दारू आयो तो खरो[7] पिण लोटपोट न हुवौ। तितरे चावड़ी प्यालो आधो कीधो। तिको गोलानें दारू आयो। वलै प्यालो मूँढै लाग्यो। तरै दूजौ प्यालो लेतसमें ढोलिया ऊपरी पाधरा पग करि दांत तिड़ाय[8] नै पड़ियो। चावड़ी उणनें अमलां मांहे बेखबर देखि, तरै उणरी ही तलवार काढि गलो कीधो[9]। हाथ जुदा जुदा काटिया पगांरा जांघांरा जुदा २ तखता कीधा। करनें चांदणी[10] मांहे घड़ देनै बांधियो। ऊपरां पिला-पोस वींटीयो[11]। तिण ऊपर जाजम छोटी थी, तिको वींटी। गांठ गाढी सैंठी[12] वांधी। तिण झरोखे नीचै राज

---

१ लबालब भर लिया। २ रोको। ३ चाव। ४ कचुकी, कांचली अंगिया। ५ गिरा दिया। ६ छधिवान्, होश सहित। ७ शराब का नशा आया तो सही। ८ निकाल कर। ९ गलो कीधो (मुहा०) = गला काट डाला, मारडाला। १० बिछाने की जाजम। ११ लपेट दिया। १२ जोरदार।

